# कोडिन की लड़ाई 'नमूने' तक आयी

**134** स्थानों पर छापेमारी की | **225** आरोपियों को नामजद किया | **78** लोगों को गिरफ्तार किया

**लखनऊ, 22 दिसंबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में कोडिन कफ सिरप मामले पर सरकार का पक्ष रखते हुए समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला.**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि देश में दो नमूने हैं एक दिल्ली में बैठता है और दूसरा लखनऊ में. उन्होंने आरोप लगाया कि कोडिन कफ सिरप के लाइसेंस समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान दिए गए थे और उसी समय नशे के इस अवैध कारोबार का माफिया नेटवर्क खड़ा हुआ. योगी ने दो टूक कहा कि इस मामले में किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा. मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि



उत्तर प्रदेश कोडिन कफ सिरप के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने वाला देश का पहला राज्य बना है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में 134 स्थानों पर छापेमारी की है, अब तक 78 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

### समय आने दीजिए जरुर चलेगा बुलडोजर : योगी

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कफ सिरप मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अतुल प्रधान के एक सवाल का जवाब देते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है. जांच होने दीजिए समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप या नकली दवा से किसी भी व्यक्ति की मौत की कोई जानकारी शासन के संज्ञान में नहीं आई है और इस संबंध में फैलाए जा रहे भ्रम का कोई आधार नहीं है. उन्होने कहा कि राज्य में हाल ही में पकड़े गए सबसे बड़े थोक विक्रेता को वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान लाइसेंस दिया गया था. वर्तमान सरकार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच तेज कर दी है. योगी ने कहा कि एसटीएफ प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं.

## कार बम धमाके में रूसी लेफ्टिनेंट जनरल सरवारोव की मौत


**मॉस्को, 22 दिसंबर.** रूसी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवारोव रूस की राजधानी मॉस्को में सोमवार को एक कार धमाके में मारे गये. श्री सरवारोव की उम्र 56 वर्ष थी और वह सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के अभियान प्रशिक्षण विभाग में तैनात थे. एक रिपोर्ट में रूस की जांच समिति के हवाले से कहा गया कि श्री सरवारोव की सोमवार सुबह एक कार के नीचे लगाये गये विस्फोटक के धमाके में मौत हुई. रूसी समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको के हवाले से कहा कि सरवारोव की हत्या के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है.

# सस्ती शिक्षा, इलाज हर व्यक्ति की जरूरत

**मोहन भागवत ने स्वास्थ्य-शिक्षा को बताया सामाजिक जिम्मेदारी**

**चंद्रपुर, 22 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर बड़ा संदेश दिया है.**

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में पंडित दीनदयाल कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि सस्ती शिक्षा और सुलभ इलाज किसी विशेष वर्ग का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक की मूल आवश्यकता है. भागवत ने जोर देकर कहा कि इन सुविधाओं की पहुंच समाज के आखिरी व्यक्ति तक आसान होनी चाहिए. उन्होंने कैंसर जैसी गंभीर



बीमारी को सिर्फ मेडिकल चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संकट बताया. भागवत ने कहा कि जब कोई व्यक्ति कैंसर से जूझता है, तो उसका पूरा परिवार मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक दबाव में आ जाता है. ऐसे समय में समाज की भूमिका बेहद अहम हो जाती है. संघ प्रमुख ने यह भी स्पष्ट किया कि सेवा केवल धन देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए.

उन्होंने कहा जरूरतमंदों को समय देना, उनका साथ देना और उनका मनोबल बढ़ाना जरूरी है. उन्होंने बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव, प्रदूषण और मिलावटी खान-पान को गंभीर बीमारियों का बड़ा कारण बताया. भागवत का यह संबोधन सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता का स्पष्ट संदेश देता है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि सस्ती शिक्षा और सुलभ इलाज हर व्यक्ति की बुनियादी जरूरत है और यह सुविधाएं लोगों को उनके आसपास ही उपलब्ध होनी चाहिए.

# मनरेगा पर पड़ने वाले प्रभाव की होगी समीक्षा

### संसदीय समिति वीबी-जी राम जी अधिनियम को लेकर चर्चा

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर.** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी - जी राम जी) अधिनियम की समीक्षा करने के लिये 29 दिसंबर की प्रस्तावित बैठक में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है. इस बैठक में वीबी - जी राम जी अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी जायेगी और पुरानी एवं नयी योजना की तुलना की जायेगी. यह बैठक



वीबी - जी राम जी विधेयक को संसद के हाल ही में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू के मंजूरी देने के पश्चात हो रही है. इस नये कानून का मकसद ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी के लिये एक नया ढांचा देना है. इसे दो मुख्य आधारों पर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है.

महात्मा गांधी के नाम पर चल रहे प्रमुख ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम की जगह लेता है और उसे खत्म करता है. दूसरा यह कि नया अधिनियम पुरानी योजना से गांधी का नाम हटाता है, जिससे सरकार की मंशा पर विवाद खड़ा हो गया है. संसदीय पैनल की यह समीक्षा वीबी - जी राम जी बिल के प्रावधानों, मनरेगा की तुलना में इसके परिचालन अंतर और संभावित लाभों को समझने एवं अच्छी तरह से स्थापित मनरेगा ढांचे से बदलाव के संबंध में विभिन्न हितधारकों द्वारा उठायी गयी.

# उच्च न्यायालय ने विध्वंस के मामले में महाराष्ट्र सरकार को दिया नोटिस

**छत्रपति संभाजीनगर, 22 दिसंबर. बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति के अवैध और मनमाने विध्वंस को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर महाराष्ट्र सरकार और छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम (सीएसएमसी) को औपचारिक नोटिस जारी किए हैं.**

न्यायमूर्ति विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति हितेन एस. वेनेगांवकर की खंडपीठ ने नोटिस को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. रौजा बाग निवासी याचिकाकर्ता डॉ. शेख सलीम शेख चांद (69) ने 7 जुलाई, 2025 को अपने आवासीय परिसर की दीवार गिराए जाने के बाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था. कथित तौर पर यह विध्वंस दिल्ली गेट से हरसुल टी-पॉइंट तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना के हिस्से के रूप में सीएसएमसी के अतिरिक्त आयुक्त संतोष वाहुले की देखरेख में किया था. अधिवक्ता सैयद तौसीफ यासीन के अनुसार इमारत के परिसर के अधिकृत होने के दस्तावेजी सबूत देने के बावजूद, पुलिस बल की मौजूदगी में यह विध्वंस किया. तर्क दिया कि नगर निगम की कार्रवाई शक्ति का दुरुपयोग और स्थापित कानूनी सुरक्षा उपायों का घोर उल्लंघन थी. इसके अलावा याचिकाकर्ता ने एमआरटीपी अधिनियम के उल्लंघन और संपत्ति के संवैधानिक अधिकार के हनन का हवाला दिया.



## नीतीश ने मोदी से की भेंट, साथ में थे सम्राट चौधरी, लल्लन सिंह

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. राज्य में हाल के चुनाव के बाद दसवीं बार मुख्यमंत्री बने पीएम कुमार की दिल्ली की यह पहली यात्रा है. प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात में श्री कुमार के साथ राज्य के उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह भी थे. समझा जाता है कि श्री कुमार ने राज्य के विकास की योजनाओं की प्रगति के संबंध में प्रधानमंत्री को जानकारी दी. बाद में उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से भी अहम मुलाकात की.

## एक नजर में




### फिल्म 'इक्कीस' दिखाती है खेतरपाल की बहादुरी

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर.** में फिल्म इक्कीस की विशेष स्क्रीनिंग के अवसर पर मैंने द्वितीय लेफ्टिनेंट अरुण खेतरपाल (पीवीसी) के परिवार और उनके टैंक क्रू के परिजनों को सम्मानित किया. अरुण खेतरपाल ने 1971 के युद्ध में वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया. फिल्म इक्कीस उनकी बहादुरी को दर्शाती है और हमारे सशस्त्र बलों के साहस का सम्मान करती है. फिल्म इक्कीस के कलाकारों के साथ भी मेरी अच्छी बातचीत हुई. मैं उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करता हूं.

### ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बानीज़ को हटाने की मांग

**सिडनी, 22 दिसंबर.** आस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए जानलेवा आतंकवादी हमले के बाद तीन लाख से ज्यादा लोगों ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के इस्तीफे और आप्रवासन नीति में बदलाव की मांग की है. याचिका से जुड़ी वेबसाइट चेंजडॉटऑर्ग के अनुसार, अब तक तीन लाख 10 हज़ार लोग इस याचिका पर हस्ताक्षर कर चुके हैं. सिडनी बीच आतंकवादी हमले के पीड़ितों को 21 दिसंबर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे श्री अल्बानीज़ के खिलाफ भीड़ ने नारेबाज़ी की थी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को एक सुरक्षित जगह पर ले जाना पड़ा. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लोगों ने उन्हें कमज़ोर कहा और चिल्लाकर कहा कि उनके हाथ खून से सने हैं. याचिका में लिखा बॉन्डी बीच पर हाल की दुखद घटनाओं और राष्ट्रीय चिंताओं को देखते हुए, अब देश के नेतृत्व पर ध्यान देने का समय आ गया है. कई निर्दोष लोगों की जान लेने वाली बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी हमारे समाज को सुरक्षित रखने के लिये ज़रूरी कार्रवाई की एक और याद दिलाती है.

### इंडोनेशिया में सड़क हादसे में 15 की मौत

**जकार्ता, 22 दिसंबर.** इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत के सेमारंग शहर में क्राप्याक टोल एग्जिट के चौराहे पर एक बस दुर्घटना में पंद्रह लोगों की मौत हो गयी और 19 अन्य घायल हुए हैं. सेमारंग तलाश एवं बचाव कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी. कार्यालय के अनुसार हादसे के समय में यात्री बस की रफ्तार कथित तौर पर तेज थी, जिसके कारण चालक बस पर नियंत्रण खो दिया और वह सड़क के बैरियर से टकराकर पलट गयी. कार्यालय के बुडियोनो ने कहा, कुछ पीड़ितों के बस में फंसे होने की वजह से बचाव प्रक्रिया के दौरान काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा. टूटे हुए शीशे के कारण रास्ता बाधित हो गया था. उन्होंने कहा, बचाव कर्मियों को पलटी हुई बस में घुसना पड़ा, पीड़ितों तक पहुंच बनानी पड़ी और उन्हें अतिरिक्त सावधानी के साथ बाहर निकालना पड़ा. उन्होंने बताया कि सभी पीड़ितों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया है और स्थानीय अस्पतालों में भेज दिया गया है.

# बंगलादेश संकट के बीच भारत ने चटगांव में वीजा सेवाएं रोकीं

**ढाका/नयी दिल्ली, 22 दिसंबर. भारत ने बंगलादेश के दूसरे सबसे बड़े शहर चटगांव में अपने वीजा आवेदन केंद्र पर वीजा सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है.**

यह फैसला एक प्रमुख युवा नेता की मौत से जुड़े प्रदर्शनों और दोनों देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के बाद लिया गया है. भारतीय अधिकारियों ने कहा कि चटगांव के भारतीय सहायक उच्चायोग परिसर के पास प्रदर्शनकारियों के पहुंचने के बाद वीजा केंद्र को अगले नोटिस तक बंद रखा जाएगा. विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इस निलंबन को सावधानीपूर्ण उपाय बताया, जो स्थानीय कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य होने तक प्रभावी रहेगा. इस अशांति की शुरुआत शरीफ उस्मान हादी की मौत से हुई, जो पिछले साल अवामी लीग सरकार के खिलाफ छात्र-नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के प्रमुख नेता थे. हादी को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी थी और बाद में सिंगापुर में 12 दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. प्रदर्शनकारियों को चटगांव के खुलशी इलाके में भारतीय मिशन के बाहर रात भर तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया गया, जिसमें कम से कम चार लोग घायल हुए, जिनमें एक पुलिस अधिकारी भी शामिल है.

# मुजफ्फरनगर तेल के गोदाम में आग



**मुजफ्फरनगर, आगरा, 22 दिसंबर. चरथावल रोड पर स्थित एक तेल के गोदाम में सोमवार को भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई. आग इतनी तीव्र थी कि काले धुएं का गुबार आसमान में लंबी दूरी तक दिखाई देने लगा.**

गोदाम में तेल और अन्य ज्वलनशील सामग्री अधिक मात्रा में होने के कारण लपटें तेजी से फैलती गईं और तेज धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दीं. सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया. दमकल कर्मियों ने पानी और फोम का लगातार इस्तेमाल किया, वहीं आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया गया. धुएं के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा. गोदाम फरमान, हाजी साकिब और पिंटू का है. प्रशासन ने बताया कि फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन लाखों रुपये मूल्य का तेल और अन्य सामान जलकर खाक होने का अंदेशा है.

## आज श्रीलंका जाएंगे एस. जयशंकर



**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका का दौरा करेंगे और श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे. विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री की यह यात्रा ऑपरेशन सागर बंधु की पृष्ठभूमि में हो रही है और यह भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति को प्रदर्शित करती है.

# ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने यहूदियों से मांगी माफी

**बॉन्डी बीच आतंकी हमले को लेकर जताया दुख**

**कैनबरा, 22 दिसंबर. ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने नफरती भाषण से निपटने के लिए नया कानून बनाने का वादा करते हुए बॉन्डी बीच पर यहूदियों पर की गई सामूहिक गोलीबारी के बाद देश के यहूदी समुदाय से माफी मांगी है.**

श्री अल्बानीज ने कैनबरा में सोमवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के आयोजन में 15 लोगों की गोलीबारी से मौत के लिए जिम्मेदारी का बोझ महसूस करते हैं. उन्होंने कहा, मैं यहूदी समुदाय और पूरे देश ने जो अनुभव किया है,



उसके लिए खेद व्यक्त करता हूं. उन्होंने कहा उनकी सरकार यहूदी ऑस्ट्रेलियाई लोगों की रक्षा के लिए हर दिन काम करेगी और हमले के लिए जिम्मेदार इस्लामिक स्टेट से प्रेरित आतंकवादियों को ऑस्ट्रेलियाई समाज को बांटने के मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगी. अल्बानीज ने कहा हमले के बाद कैबिनेट ने सोमवार को दूसरी बार बैठक की और नफरतपूर्ण भाषण और उसके परिणामों से निपटने के लिए बनाये विधायी पैकेज को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई.

उन्होंने कहा कि नफरती भाषण प्रतिबंध वाले नये कानून जो 2026 में संसद में पेश किए जाएंगे, वे मौजूदा आपराधिक दंड को बढ़ाएंगे, अपराधों की सजा निर्धारित करने में नफरत की प्रेरणा को एक कारक मानेंगे और गृह मंत्रालय को हिंसा को बढ़ावा देने वाले नफरती भाषणों से जुड़े व्यक्ति या नफरत के प्रतीकों को प्रदर्शित करने वाले व्यक्ति का वीजा रद्द करने की शक्ति प्रदान करेंगे. इसके अलावा ऐसे वयस्कों के लिए एक नया गंभीर आपराधिक मामला शुरू किया जाएगा जो बच्चों को प्रभावित करने और उन्हें कट्टरपंथी बनाने की कोशिश करते हैं.

## आज का इतिहास

1672 - खगोलविद् जियोवनी कैसिनी ने शनि के उपग्रह 'रिया' की खोज की।

1899 - प्रसिद्ध उपन्यासकार, कहानीकार, क्रान्तिकारी, पत्रकार और संपादक रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म हुआ।

1902 - किसानों के नेता के रूप में लोकप्रिय देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का उत्तर प्रदेश के हापुड़ में जन्म। इस दिन को देश में 'किसान दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

1914- प्रथम विश्व युद्ध में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंची।

# ईडी ने पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद के खिलाफ आरोप पत्र किया दाखिल

**आय से अधिक संपत्ति रखने का मामला**

**नई दिल्ली, 22 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश के भदोही निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक विजय मिश्रा, पूर्व विधान पार्षद राम लली मिश्रा और तीन अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है.**


ईडी के इलाहाबाद उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने विजय मिश्रा, राम लली मिश्रा और अन्य के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी. पुलिस ने लोक सेवक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान 36.07 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति के संबंध में आरोप पत्र भी दाखिल किए थे. इसके अलावा, विजय मिश्रा और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ राज्य भर में जबरन वसूली, अवैध खनन, अपहरण, हत्या, लूट, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और संगठित अपराध सहित कई आपराधिक मामले दर्ज पाए गए, जो उनके लंबे आपराधिक इतिहास को दर्शाते हैं. जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि विजय मिश्रा और राम लली मिश्रा ने लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया.

**आयोजन** | उपराष्ट्रपति ने भारतीय रक्षा लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

# युवा अधिकारियों की भूमिका अहम : राधाकृष्णन

**नई दिल्ली 22 दिसम्बर. उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नया करने की सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.**

उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया. उपराष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग की 275 वर्षों से अधिक पुरानी समृद्ध व गौरवशाली विरासत है, जो इसे



सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक बनाती है. उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र 2047 तक विकसित भारत बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है इसे हासिल करने में सिविल सेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि ये समावेशी हों और इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए. उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नयी सोच राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि उन्हें सेवा भाव और कर्तव्य बोध को अपना मार्गदर्शक मंत्र बनाना चाहिए. भारतीय रक्षा लेखा सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह सेवा भारतीय सशस्त्र बलों और संबद्ध संगठनों के वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.

रक्षा सेवाओं की लेखा एवं वित्तीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करते हुए अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय सशस्त्र बलों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों को समझना और आत्मसात करना चाहिए. सशस्त्र बलों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन आवश्यक है. राधाकृष्णन ने कहा ईमानदारी और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना आवश्यक है.

## पश्चिम बंगाल के हावड़ा में आग लगने से परिवार के चार सदस्यों की मौत

**कोलकाता, 22 दिसंबर.** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में रविवार देर रात एक मिट्टी के घर में आग लगने से परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. यह घटना जयपुर थाना क्षेत्र के सौर्या सिंह पारा गांव में दोलुई परिवार के घर में हुई. मृतकों की पहचान दुर्योधन दोलुई (75), दुधकुमार दोलुई (42), अर्चना दोलुई (32) और नाबालिग संपा दोलुई (14) के रूप में हुई है. सूत्रों के अनुसार, आग रात में खाना खाने के बाद परिवार के सोने के कुछ देर बाद लगी. मिट्टी के घर की एस्बेस्टस की छत आग फैलने से ढह गई.

# पनडुब्बी रोधी पोत अंजदीप नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली 22 दिसम्बर. देश में ही बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी पोत में से तीसरा पोत अंजदीप सोमवार को नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया.**

कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित किया गया यह पोत चेन्नई में भारतीय नौसेना के सुपुर्द किया गया. यह पोत जीआरएसई और मैसर्स एलएंडटी शिपयार्ड, कट्टुपल्ली के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत डिज़ाइन और निर्मित किया गया है. यह सहयोगात्मक रक्षा विनिर्माण की सफलता को दर्शाता है. लगभग 77 मीटर लंबाई वाले ये पोत %वॉटरजेट% प्रणोदन से संचालित होने वाले भारतीय नौसेना के



सबसे बड़े युद्धपोत हैं. ये अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किए गए पनडुब्बी रोधी रॉकेट और उथले जल सोनार से सुसज्जित हैं, जिससे पानी के नीचे मौजूद खतरों की प्रभावी पहचान और उन्हें निष्प्रभावी करना संभव हो पाता है. यह पोत नौसेना की पनडुब्बी रोधी क्षमता, तटीय निगरानी तथा बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमताओं को और सुदृढ़ करेगा.

यह पोत पूर्व में सेवा में रहे आईएनएस अंजदीप का पुनर्जन्म है, जो पेट्या श्रेणी का कॉर्वेट था और वर्ष 2003 में सेवामुक्त किया गया था. इस पोत का नाम कर्नाटक के कारवाड़ तट के समीप स्थित अंजदीप द्वीप से लिया गया है, जो भारत के विशाल समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा के प्रति देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. अंजदीप की डिलीवरी स्वदेशी जहाज निर्माण की दिशा में भारतीय नौसेना की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो सरकार के आत्मनिर्भर भारत के विज़न को साकार करती है.